आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-224 ● कटनी ● गुरुवार, 16 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष -10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

पिछले सत्र में रिकॉर्ड स्तर पर बंद होने के बाद आज सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार उच्चतम स्तर पर खुला। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने पहली बार 59 हजार का स्तर छुआ। सेंसेक्स 59042.77 और निफ्टी 17,597.85 पर पहुंच गया।

अब नहीं होगा विनाशाय च दुष्कृताम उद्घोष

आयुध निर्माणी का अस्तित्व मात्र 15 दिन और, एक अक्टूबर से 7 आयुध निगमों की होगी शुरुआत

जबलपुर, यशभारत। आजादी के पहले से करीब सवा दो सौ वर्षों से पहली आयुध निर्माणी काशीपुर कोलकाता से शुरू हुआ आयुध निर्माणी बोर्ड का अस्तित्व अब केवल 15दिन और रहेगा इसके बाद ओएफबी के तहत आने वाली 41 आयुध निर्माणियां 7 निगमों मे तब्दील हो कर नये रूप में अवतरित होकर नई कार्य संस्कृति के साथ काम करना शुरू देंगी।

जानकारी के अनुसार यद्यपि नये बनाए गए निगमों की अधिसूचना जारी नहीं की गई है लेकिन रक्षा मंत्रालय के अधीन इसका कार्य बड़ी तेजी से जारी है निगमों का लेखाजोखा कैसे करना है इसकी तैयारियां शुरू की जा चुकी हैं इसके साथ किस प्रकार से लेखा जोखा के खाते कैसे करना है इसका ढांचा भी तैयार कर कर्मचारियों अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये जा चुके हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह अनंतिम रूप से तय लिया गया है एक अक्टूबर से आयुध निर्माणी बोर्ड के नाम के तहत अब कोई पत्राचार नहीं होगा न ही उसका लोगो और उद्घोष वाक्य विनाशाय च दुष्कृताम का उपयोग किया जाएगा।अब आयुध निर्माणियों के पत्राचार संबंधित सात निगमों के नाम से होगा और उनके सभी पत्र और दस्तावेजों में उनका नाम और लोगो अंकित रहेगा।

उल्लेखनीय है कि बनाए गये 7निगमों के सर्वाधिक तीन मुख्यालय कानपुर में बनाये गए हैं। जबकि पूणे अंबाझरी नागपुर चैन्नई देहरादून मे बनाए गए हैं जैसी कि जानकारी मिली है इन निगमों के बनाए गए सीएमडी निगम संचालन के लिए बार बार सुरक्षा उत्पादन विभाग के लिए जैसे ही सूचना मिलती है चर्चा के अचानक दिल्ली पंहुच रहे हैं।

हाईकोर्ट ने चारधाम यात्रा पर लगी रोक हटाई

देहरादून। उत्तराखंड हाईकोर्ट में चारधाम यात्रा पर लगी रोक हटा दी है। गुरुवार को इस मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने यात्रा पर लगाई रोक के 28 जून के निर्णय को वापस ले लिया है। कोर्ट ने कोविड के नियमों का पालन करते हुए चारधाम यात्रा शुरू करने के आदेश दे दिए हैं। गुरुवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने कहा कि कोरोना संक्रमणअब नियंत्रण में है। ऐसे में यात्रा से रोक हटाई जाए।

क्विक अपडेट

आप की सरकार बनी तो 3 सौ यूनिट फ्री बिजली

नई दिल्ली। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने लखनऊ में प्रेस कांफ्रेन्स करते हुए बड़ा एलान किया है। सिसोदिया ने कहा कि अगर यूपी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो प्रदेश की जनता को 300 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। इस पर मनीष सिसोदिया ने इसे ट्वीट भी किया कि उत्तर प्रदेश में महंगी बिजली के बिलों से मुक्ति दिलाने के सम्बंध में एक महत्वपूर्ण घोषणा है कि आप सरकार बनने के 24 घंटे के अंदर हर आदमी को घरेलू उपयोग के लिए 300 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी।

सीतारमण की प्रेस कॉन्फ्रेंस आज, बैड बैंक से जुड़ी बड़ी घोषणा संभव

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज शाम पांच बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी। इस दौरान बैड बैंक प्रस्ताव से जुड़ी बड़ी घोषणा हो सकती है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने बैड बैंक को सरकारी गारंटी के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। दरअसल अप्राप्य ऋण के समाधान के लिए बैड बैंक बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। भारतीय बैंक संघ को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उसका आकलन है कि सरकारी गारंटी करीब 31,000 करोड़ रुपये होनी चाहिए। बैड बैंक या राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी स्वीकृत ऋण राशि का 15 फीसदी नकद देगा। शेष 85 फीसदी राशि सरकारी गारंटी वाली प्रतिभूति होगी।

सरकार को नागवार गुजरा सड़क पर युवती का डांस, मामला दर्ज

इंदौर। इंदौर में रसोमा चौराहे की जेब्रा क्रासिंग पर मंगलवार दोपहर डांस कर वीडियो वायरल करने वाली माडल श्रेया कालरा के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। माडल ने इंटरनेट मीडिया पर रसोमा चौराहे पर डांस का वीडियो वायरल करते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की थी, लेकिन पुलिस ने इसे पब्लिसिटी स्टंट माना। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने वायरल वीडियो पर कहा था कि युवती की भावना जो भी हो, लेकिन तरीका गलत है। ऐसी हरकतें आगे न हो, कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

सेंट्रल विस्टा पर पीएम ने विपक्ष को घेरा, बोले सच सामने आते ही हो गए चुप

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बने रक्षा मंत्रालय के दो नए कार्यालयों का उद्घाटन किया। ये रक्षा कार्यालय परिसर दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग और अफ्रीका एवेन्यू में हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल विपिन रावत (सीडीएस) और सशस्त्र बलों के प्रमुख शामिल रहे। इस मौके पर पीएम मोदी ने अधिकारियों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में आज हम देश की राजधानी को नए भारत की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुसार विकसित करने की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहे हैं। नया डिफेंस ऑफिस कॉम्प्लेक्स हमारी सेनाओं के काम काज को अधिक सुविधाजनक, अधिक प्रभावी बनाने के प्रयासों को और सशक्त करने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि आज जब भारत की सैन्य ताकत को हम हर लिहाज से आधुनिक बनाने में जुटे हैं, आधुनिक हथियार से लेस करने में जुटे हैं, सेना की जरूरत की खरीद तेज हो रही है, तब देश की रक्षा से जुड़ा कामकाज दशकों पुराने तरीके से हो, ये कैसे संभव हो सकता है?

ट्रैक्स जीप ने आटो को मारी टक्कर, 5 की मौत

राजगढ़। सुबह के समय राजगढ़ के समीप एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रैक्स जीप सामने से आ रहे ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्?त थी कि आटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुबह के समय तीन अलग अलग गांवो हिरनखेड़ी, अभयपुर व कलालपुरा के छह ग्रामीण एक अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजगढ़ के समीपस्थ मोहनपुरा बांध की पुनर्वास कालोनी में आ रहे थे। तभी रास्ते में हिरनखेड़ी व राजगढ़ के बीच मे तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्स वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे आटो में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कलालपुरा के मोरसिंह, हिरनखेड़ी की संतरीबाई पति कन्हैया लाल, अभयपुरा के कन्हैया लाल, हिरनखेड़ी के पन्नालाल व अभयपुरा की पार्वती पति मांगीलाल शामिल हैं। घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और एंबुलेंस बुलाकर हादसे में हताहत हुए लोगों को अस्पताल पहुंचाया। एसपी प्रदीप शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे।

दिल्ली: मायापुरी की फैक्टरी में लगी भीषण आग

नई दिल्ली। दिल्ली के मायापुरी फेज-2 इलाके में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग से पूरे इलाके में धुआं-धुआं हो गया है। आग लगते ही घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई जिसके बाद दमकल की 22 गाड़ियां मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य कर रही हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अभी यह भी पता नहीं चल सका है कि यह आग कैसे लगी है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह 9.30 बजे आग लगने की सूचना मिली एक-एक कर 22 गाड़ियां पहुंची।

अब केबिनेट ने चौंकाया

बड़ा फैसला: रूपाणी के सभी मंत्रियों की छुट्टी

गांधीनगर। गुजरात में भूपेंद्र पटेल की अगुवाई वाली सरकार के मंत्रियों का शपथ-ग्रहण हो गया है। है। गांधीनगर स्थित राजभवन में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने राज्य के नए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल को शपथ ग्रहण कराई। अब तक शपथ लेने वालों में नरेश पटेल शामिल हैं। नरेश पटेल गणदेवी विधानसभा सीट से विधायक हैं। साथ ही ऋषिकेश पटेल ने मंत्रीपद की शपथ ली है जो मेहसाणा जिला के बीजेपी अध्यक्ष हैं। ऋषिकेश जीतू वाघणी गुजरात के नए मंत्री बने हैं, जो भावनागर पश्चिम सीट से विधायक हैं। इसी तरह मोहनभाई डोडिया ने भी मंत्रीपद की शपथ ली है। राजेंद्र त्रिवेदी ने मंत्री पद की शपथ ली है जो वडोदरा के रावपुरा सीट से विधायक हैं। राजेंद्र त्रिवेदी रुपाणी सरकार में खेल मंत्री रह चुके हैं। इसी तरह लिमड़ी विधानसभा सीट से विधायक किरीट सिंह राणा ने भी मंत्री पद की शपथ ली है। भावनगर से विधायक जीतू वाघणी भी मंत्री बनाए गए हैं। ये 2016 में गुजरात भजपा के अध्यक्ष बने थे।

निमा आचार्य बनीं विधानसभा स्पीकर

गुजरात में गुरुवार को ही नई विधानसभा अध्यक्ष भी बनाई गई हैं। वहीं राजेंद्र त्रिवेदी ने विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर मंत्री पद की शपथ ली है।इससे पहले जिन विधायकों को मंत्री बनाया जाना था, उन्हें सुबह से सूचना दे दी गई थी। जिन विधायकों के पास फोन पहुंचे थे, उनमें से अधिकांश अब तक मंत्री नहीं बने थे। वहीं विजय रूपाणी सरकार का कोई मंत्री ऐसा नहीं था, जिसको फोन किया गया हो। इसीलिए माना जा रहा था कि यह ऐतिहासिक शपथ ग्रहण हो सकता है और हुआ भी ऐसा।

ये 24 मंत्री

1. राजेंद्र त्रिवेदी
2. जितेंद्र वघानी
3. ऋषिकेश पटेल
4. पूर्णश कुमार मोदी
5. राघव पटेल
6. उदय सिंह चव्हाण
7. मोहनलाल देसाई
8. किरीट राणा
9. गणेश पटेल
10. प्रदीप परमार
11. हर्ष सांघवी
12. जगदीश ईश्वर
13. बृजेश मेरजा
14. जीतू चौधरी
15. मनीषा वकील
16. मुकेश पटेल
17. निमिषा बेन
18. अरविंद रैयाणी
19. कुबेर ढिंडोर
20. कीर्ति वाघेला
21. गजेंद्र सिंह परमार
22. राघव मकवाणा
23. विनोद मरोडिया
24. देवा भाई मालव

सोनू सूद के घर फिर पहुंची आयकर विभाग की टीम, खंगाले जा रहे कमाई और खर्च से जुड़े कागजात

मुंबई। बुधवार को सोनू सूद से जुड़े 6 परिसरों में सर्वे करने के बाद आयकर विभाग की टीम आज सुबह दोबारा एक्टर के घर पहुंची है। खबरों की मानें तो आयकर विभाग के अधिकारी सोनू सूद के अकाउंट बुक से लेकर कमाई और खर्च जैसे तमाम आर्थिक दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। सोनू सूद के घर किए जा रहे सर्वे पर आम आदमी पार्टी ने नाराजगी जताई है। जानकारी के मुताबिक ये सर्वे लखनऊ के बड़े कारोबारी अनिल सिंह से जुड़ा हुआ है। हाल ही में अनिल सिंह के दफ्तर पर भी इनकम टैक्स का छापा पड़ा है। सोनू सूद और अनिल सिंह कारोबार में पार्टनर बताए जा रहे हैं। आयकर विभाग की टीम उन सभी संस्थाओं की जांच कर रही है, जो सोनू सूद से जुड़े हुए हैं। सोनू सूद सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा एक्टिव रहते हैं हालांकि उन्होंने आयकर विभाग के इस सर्वे को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री इस सर्वे से नाराज दिखाई दिए। उन्होंने ट्वीट कर कहा- सच्चाई के रास्ते पर लाखों मुश्किलें आती हैं, लेकिन जीत हमेशा सच्चाई की ही होती है। सोनू सूद जी के साथ भारत के उन लाखों परिवारों की दुआएं हैं जिन्हें मुश्किल घड़ी में सोनू जी का साथ मिला था।



टी-20 विश्व कप बाद भारत का न्यूजीलैंड दौरा स्थगित

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को टी-20 विश्व कप के बाद नवंबर में न्यूजीलैंड दौरे पर जाना है। इस टूर के दौरान टीम इंडिया कीवियों के खिलाफ दो टेस्ट और तीन टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी। दोनों देशों के बीच खेली जाने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। लेकिन अब खबर आ रही है कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस दौरे को स्थगित कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रवक्ता ने दौरे को रद्द करने की पुष्टि की है। हालांकि अभी तक बीसीसीआई और क्रिकेट न्यूजीलैंड की तरफ से दौरे को स्थगित किए जाने का कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की है कि टीम इंडिया इस सीजन में प्यूचर टूर प्रोग्राम के हिसाब से न्यूजीलैंड दौरे पर नहीं आएगी, भारत के इस दौरे को 2022 तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

रेलवे ट्रैक पर मिली दुष्कर्म-हत्या के आरोपी की लाश मंत्री ने दो दिन पहले दी थी एनकाउंटर की धमकी

हैदराबाद। तेलंगाना के हैदराबाद जिले में 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। हैदराबाद पुलिस ने कहा कि रेलवे ट्रैक पर एक शव मिला है, जो दुष्कर्म के आरोपी का है। तेलंगाना के डीजीपी ने इसकी पुष्टि कर दी है। मंगलवार को तेलंगाना के मंत्री ने कहा था कि आरोपी को एनकाउंटर करावा देंगे। मंत्री के बयान के दो दिन बाद आरोपी का शव रेलवे ट्रैक पर बरामद हुआ है। हालांकि, सरकार की ओर से किसी तरह की मुठभेड़ नहीं होने की बात कही है। दरअसल, वारनगल में रेलवे ट्रैक पर एक शव मिला. जब पुलिस यहां पर पहुंची, तब उसने शव की जांच की और हाथ पर बने टैटू के आधार पर ये पाया कि ये सैदाबाद दुष्कर्म और हत्या घटना का आरोपी ही है। हैदराबाद सीपी अंजिनी कुमार के मुताबिक, अभी तो ये वही आरोपी लग रहा है, लेकिन इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही की जा सकती है। वहीं, तेलंगाना के डीजीपी ने इसकी पुष्टि कर दी कि यह वहीं आरोपी है जिसने 6 साल की बच्ची के साथ घिनौनी वारदात को अंजाम दिया।हैदराबाद के सैदाबाद में 9 सितंबर को छह साल की बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी थी।

भाजपा ने गंगाजल से शुद्ध किया मार्ग, आगबबूला कांग्रेस

कटड़ा। कांग्रेस सांसद एवं वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की श्री माता वैष्णो देवी यात्रा के उपरांत कटड़ा के मुख्य स्थानों पर गंगाजल का छिड़काव करने पर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा से माफी मांगने को कहा है। बुधवार को प्रेसवार्ता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने गंगाजल का अपमान किया है। जूते और चप्पल पहनकर गंगाजल का छिड़काव किया गया। इतना ही नहीं राहुल गांधी के आने पर भाजपा की ओर से कटड़ा की धरती को अपवित्र करार दिया गया, जोकि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। पार्टी के नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सांसद कटड़ा में सिर्फ माता के दर्शनों के लिए आए थे, जहां उन्होंने राजनीति से जुड़ी कोई भी बात नहीं की।

घाटी में अब 4 आतंकी, पर नशे की गिरफ्त में लड़किया

श्रीनगर। जम्जम्मू-कश्मीर पुलिस के कश्मीर रेंज के आईजीपी विजय कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में पुलिस नशेड़ियों पर भारी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि युवतियां भी इस दलदल में फंस रही हैं। यह समाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है। श्रीनगर में आतंकियों को लेकर उन्होंने कहा कि यहां केवल चार आतंकी सक्रिय हैं। आईजीपी ने श्रीनगर के पोलो-ग्राउंड में इंडोर स्पोर्ट्स हॉल में खेल आयोजन के दौरान मीडिया से बात करते हुए यह बात बताई। आईजीपी ने कहा कि पुलिस नशीली पदार्थों के धंधे में लगे लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि इस इस नशे की लत को खत्म करने के लिए माता-पिता और आम जनता से सहयोग मांगेंगे। इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां व्यक्तित्व विकास सुनिश्चित करती हैं और यह प्रतिभागियों के बीच सुरक्षा और सकारात्मक भावनाओं की भावना पैदा करती है। आईजीपी ने आश्वासित किया कि पुलिस द्वारा भी भविष्य में ऐसे आयोजन कराए जाएंगे। आतंकवाद और ग्रेनेड हमलों के बारे में सवालों के जवाब में, आईजीपी विजय कुमार ने कहा कि कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में चार आतंकवादी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल अगस्त में हमने श्रीनगर शहर को जीरो-मिलिटेंसी क्षेत्र घोषित किया था, लेकिन सितंबर के पहले सप्ताह में कुलगाम का एक आतंकी अब्बास श्रीनगर आ गया था। सबसे पहले उसने साकिब मंजूर को अपने साथ मिला लिया। इसके बाद सात लोग आतंक बन गए पांच को मार गिराया गया है।

प्रबंधक के घर से मिला 50 तोला सोना, 20 लाख नकद

रतलाम। झाबुआ जिले की देवझिरी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक भारत सिंह हाड़ा के रतलाम में डोंगरे नगर के समीप शुभम कालोनी स्थित घर पर लोकायुक्त इंदौर की टीम ने गुरुवार अलसुबह छापा मारा। शुरुआती जांच में दल को वहां से 50 तोला सोना, एक किलो से अधिक चांदी के जेवर 20 लाख रुपए नगद, दो मकान और दो कृषि भूमि के दस्तावेज मिले हैं। एक टीम झाबुआ में भी कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार इंदौर लोकायुक्त टीम के डीएसपी संतोष सिंह भदोरिया व प्रवीण सिंह बघेल के नेतृत्व में करीब एक दर्जन अधिकारियों व कर्मचारियों का दल वाहनों से गुरुवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे रतलाम पहुंचा। दल ने हाड़ा के शुभम कालोनी स्थित निवास पर जाकर कार्रवाही शुरू की। घर पर हाड़ा तो नहीं मिले लेकिन उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। दल ने परिवार के सदस्यों से विभिन्न प्रकार की जानकारी ले रहा है।प्रारंभिक सर्वे में करीब 50 तोला सोना के जेवर, एक किलो से अधिक चांदी के जेवर, 20 लाख रुपए नगद, दो मकानों व दो कृषि भूमि के दस्तावेज़ अब तक जप्त किए गए है।

अंधन को आंख देत, कोढ़िन को काया, बांझन को पुत्र देत, निर्धन को माया।।

विजय सरावगी सुक्खन चौक।


अभिषेक ताम्रकार गाटरघाट।

सक्षम एवं भूमि शर्मा दुर्गा चौक।

मखीजा परिवार, द्वारका सिटी।

विक्की अग्रहरि, आधारकाप।

नवयुवक गणेश उत्सव समिति, विजयराघवगढ़।


बस स्टेंड ग्राम पिपरा।

पत्रकार आशीष रैकवार के घर पर विराजे गणपति।

राजेश यादव, छपरवाह।

श्री पूछी गणेश उत्सव समिति।

बाल गणेशोत्सव समिति, ग्राम भुड़सा।

संस्कार मुकेश रैकवार, कोतवाली के सामने।

पत्रकार जितेन्द्र खरोटे के घर पर विराजे गणपति।

शनि अग्रहरि, आधारकाप।

ग्राउंड टूथिंग नक्शे जमा करने पर बरती लापरवाही

बड़वारा के 3 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

कटनी। आबादी सर्वे ऑफइंडिया से प्राप्त नक्शे में ग्राउंड टूथिंग न करने के कार्य में लापरवाही बरतने पर अनुविभागीय अधिकारी ने बड़वारा के तीन पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। साथ ही तीन दिन में नक्शे जमा करने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी है कि नक्शे जमा करने के साथ ही यदि उनके द्वारा प्रगति रिपोर्ट जमा नहीं की जाती है, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पटवारी अश्विनी कोरी, सल्हना व मिडरा, पटवारी संजय जैन, कोडो, सुनारी, कछारी और पटवारी अनिल गुप्ता, भजिया व ठगुवा को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस में अनुविभागीय अधिकारी ने कहा है कि सर्वे ऑफइंडिया द्वारा प्राप्त हुए नक्शे आप सभी को 28 अगस्त को ग्राउंड टूथिंग के लिए दिए गए थे। जिन्हें आपके द्वारा आज तक जमा नहीं किया गया और बार-बार निर्देशित करने के बाद भी कार्य में प्रगति नहीं दिख रही है। जिससे शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना के प्रति आपकी उदासीनता व लापरवाही परिलक्षित होती है। एसडीएम ने कहा है कि तीन दिवस के अंदर अपने-अपने समस्त ग्रामों की ग्राउंड टूथिंग कर नक्शे जमा करते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। समय सीमा पर कार्य पूर्ण न होने पर संबंधितों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

श्रृद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केन्द्र बने शहर के दो गणेश मंदिर

गणेशोत्सव पर विघ्न विनाशक को भक्त लगाते हैं अर्जी, मनोकामना पूरी करने की फरियाद

कटनी। बारडोली में विघ्नविनाशक गजानन के वैसे तो कई मंदिर हैं। जहां भक्त पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं लेकिन गौरीनंदन श्रीगणेश के शहर में स्थित दो मंदिर ऐसे हैं, जो भक्तों के लिए खास हैं। इनमें पहला प्राचीन मंदिर चिंतामन गणेश भगवान का है तो दूसरा गणेश चौक स्थित श्री विघ्नविनाशक मंदिर है। दोनों ही मंदिरों में लोग धार्मिक अनुष्ठानों के साथ अर्जी भी लगाते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने पर लोगों की मनोकामना पूरी होती है। **यही कारण है कि गणेश उत्सव के दौरान भी ये दोनों मंदिर श्रृद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केन्द्र बने हुए हैं। यहां गणेश पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रृद्धालु पहुंच रहे हैं।**

गणेशोत्सव में दस दिन श्रृंगार

दोनों गणेश मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचने वाले श्रृद्धालुअ नारियल व लड्डू के साथ आते हैं। मंदिरों में गणेशोत्सव के दौरान चतुर्थी से लेकर अनंत चौदस तक विशेष पूजन अनुष्ठान का दौर चलता रहता है। इसके साथ ही दस दिन तक भगवान का अलग-अलग श्रृंगार किया जाता है।

19 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी होगा गणेश प्रतिमाओं का विर्सजन

19 सितम्बर को गणेश प्रतिमा विर्सजन होगा। कोविड-19 महामारी के संक्रमण व वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये प्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में सभी लोग अपने घरों में ही छोटी गणेश मूर्तियां स्थापित कर पूजन अर्चन करेंगे। साथ ही गणेश विसर्जन के लिये बनाये गये जलकुण्डों, चलित जल कुण्डों में ही 5 से 10 व्यक्तियों के समूहों में जाकर मूर्ति का विसर्जन करेंगे। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट रोमोनुस टोप्पो ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की ड्यूटी प्रातः 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक के लिये लगाते हुये आदेश जारी किया है। इस सम्पूर्ण व्यवस्था के लिये अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी बलबीर रमन को प्रभारी नियुक्त किया गया है। ड्यूटी आदेश के तहत थाना क्षेत्र कोतवाली अंतर्गत तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव और राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र खम्परिया को नियुक्त किया गया है। वहीं कुठला थाना क्षेत्र में तहसीलदार मुनौव्वर खान एवं राजस्व निरीक्षक राजेश मिश्रा की ड्यूटी लगाई गई है। थाना क्षेत्र रंगनाथ नगर में नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल और राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र श्रीवास्तव, थाना क्षेत्र एनकेजे में नायब तहसीलदार राजीव मिश्रा और राजस्व निरीक्षक कुंजीलाल प्रजापति, थाना क्षेत्र माधवनगर में सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख देवसिंह बागरी और राजस्व निरीक्षक बृज बिहारी दुबे और पुलिस कन्ट्रोल रुम कटनी में सहायक भू-अभिलेख कटनी को ड्यूटी पर तैनात किया गया है।

कैमोर में पेश हुई कौमी एकता की अनूठी मिसाल

बरेली शरीफ के मौलाना मुक्ती तौसीफ रजा की मौजूदगी में हुआ धर्मगुरुओं का सम्मान

कैमोर। 15 सितंबर का दिन कैमोर में कौमी एकता के एक अनूठे आयोजन की यादगार बन गया। यह शानदार आयोजन कैमोर के समाजसेवी शाहिद हुसैन द्वारा उनके सन्डे मार्केट स्थित निवास में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की मशहूर बरेली शरीफसे आये मौलाना आला हजरत अलहाज तौसीफ रजा साहब रहे। बाद नमाज जौहर इस जलसे की शुरुआत हुई। जलसे में मौलाना तौसीफ रजा के अलावा मुरलीधर मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित ओम प्रकाश मिश्रा, गुरुद्वारा साहब के ग्रन्थी सरदार मनमोहन सिंह, पनिहाई स्थित चर्च के पास्टर अमोस रत्नम, विप्र समाज के वरिष्ठ सदस्य पंडित राम सजीवन पांडेय सहित सभी धर्मों और समाज के लोगों की मौजूदगी रही। जलसे की शुरुआत धर्म गुरुओं के सम्मान से हुई जिसमें समाजसेवी शाहिद हुसैन और उनके परिवार के सदस्यों ने सभी धर्म गुरुओं को शाल पहनकर और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। जलसे में अपनी तकरीर पेश करते हुए मौलाना तौसीफ रजा ने कहा कि हिंदुस्तान एक खूबसूरत गुलदस्ता है जिसमें सभी धर्मों के लोग प्यार और मोहब्बत के साथ रहते हैं। गुलदस्ते की यह खूबसूरती तभी तक है, जब तक सभी फूल अपनी अपनी खुश्बू बिखेरते हुए बरकरार रहें। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में अलग अलग जातियों, अलग अलग धर्मो के लोग आपसी भाई चारे के साथ रहते हैं। सबको अपने अपने धर्म का पालन करने की आजादी है। ऐसी कौमी एकता की मिसाल दुनिया में और कहीं देखने को नहीं मिलती। सभी को अपने धर्म का पालन करते हुए दूसरे धर्मों का भी सम्मान करना चाहिए। मौलाना साहब की तकरीर के बाद सभी धर्म गुरुओं के साथ मिलकर उपस्थित सभी लोगों ने कोरोना की विश्व व्यापी महामारी से निजात दिलाने दुआ और प्रार्थना की। जलसे में अंजुमन कमेटी के सदर हाजी गुलाम, पूर्व सदर हाजी दिलावर खान, हाजी नाजिम खान, हाजी नसीम खान, इंटक यूनियन के अध्यक्ष अनिल मौर्या, राकेश तिवारी, के के तिवारी सहित सभी धर्मों और समाजों के लोगों की उपस्थिति रही।

माता-पिता की स्मृति में भेंट किया शव वाहन

जलसे के दौरान समाजसेवी शाहिद हुसैन द्वारा अपने वालिद मरहूम जनाब बाबू भाई एवं वालिदा की याद में एक शव वाहन कैमोर के लिए समर्पित किया, जिसका उपयोग सभी धर्मों के लोग अतिंम यात्रा के लिए कर सकेंगे।

डॉ सलिल तिवारी को मिला अमर मलंग अलंकरण

अमर मलंग स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन

कटनी। हिंदी दिवस के अवसर पर अमर मलंग स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर से आए राज सागरी साहब रहे। विशिष्ट अतिथि पं रामखेलावन गर्ग, प्रकाश भौमिया,अजय माली, डॉ मिनाक्षी शर्मा, महब जबलपुरी रहे। अध्यक्षता पं रामनरेश विद्यार्थी डीठवारा ने की। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मां सरस्वती जी की वंदना के उपरांत अमर मलंग जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्जित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तदुपरान्त अमर मलंग अलंकरण से डॉ सलिल तिवारी को नवाजा गया। द्वितीय चरण में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया गया, जिसमें नगर आंचलिक के साथ बाहर से आए कवियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिसमें मनोहर मनोज, प्रतीक तिवारी कानपुर, डॉ सलिल तिवारी जबलपुर, राज सागरी जबलपुर, डॉ मीनाक्षी शर्मा, महब जबलपुरी, रामखेलावन गर्ग, विष्णु वाजपेयी, शरद जायसवाल, चंद्रकिशोर चंदन, जयनारायण सोनी अम्बर, अर्चना सोनी, ईश्वर दास पुरवार, आर डी गुप्ता, बी के साहू, रामानुज पाण्डेय, अथर्व तिवारी, लखन डेहरिया, प्रियांशू तिवारी, नित्यानंद पाण्डेय, लईक कुरैशी, पंडित अरविन्द तिवारी, अनिल ताम्रकार, राजेश श्रीवास्तव, गोलू चौधरी, विशाल कोल, धनपत कुशवाहा, गणपत कुशवाहा, ऋतु राज, बलराज, मुन्ना भाई आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन लखन डेहरिया अनजान एवं आभार प्रदर्शन दिलराज अमर सिंह ने किया।

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 16 सितम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

खाद-बीज के लिए अमाड़ी के चक्कर लगा रहे कांटी के किसान

कृषि साख समिति का कार्यालय पुनः कांटी लाये जाने की मांग

कटनी। विजयराघवगढ़ ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम कांटी एवं इसके आसपास के किसानों को खाद, बीज और उर्वरकों के लिए कई किलोमीटर दूर स्थित अमाड़ी के चक्कर लगाना पड़ रहा। जबकि अमाड़ी ग्राम बड़वारा ब्लाक के अंतर्गत आता है। किसानों को अपना खेती किसानी का काम छोड़कर खाद-बीज के लिए भटकना पड़ता है, जिसमें उनका समय भी बर्बाद होता है और राशि भी ज्यादा खर्च करनी पड़ती है। कांटी ग्राम के कृषक सुनील कुमार तिवारी, अनूप शुक्ला, दीपक शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, संजय कुमार, शिव कुमार दिवेदी, श्रीकांत दिवेदी, राजा भैया, बाला प्रसाद, रघुवीर, सुरेंद्र मिश्रा, संतोष मिश्रा, पवन शुक्ला, प्रभात शुक्ला आदि ने बताया कि विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक और तत्कालीन केबिनेट मंत्री स्व. सत्येन्द्र पाठक के प्रयासों से कांटी में कृषि साख सहकारी समिति का कार्यालय खोला गया था, जिससे किसानों को कांटी में ही उनकी जरूरत के मुताबिक खाद, बीज एवं कीटनाशक दवा आसानी से मिल जाती थी। बाद में कांटी की समिति का कार्यालय बड़वारा ब्लाक के अमाड़ी स्थानांतरित कर दिया गया, तब से किसानों को खाद बीज के लिए अमाड़ी के चक्कर लगाना पड़ रहा। कांटी के किसानों ने गत दिवस विजयराघवगढ़ तहसील मुख्यालय पहुंचकर तहसीलदार और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें कृषि साख सहकारी समिति का कार्यालय पुनः कांटी में शुरू कराये जाने की मांग की गई है।

20 सितंबर से खुलेंगे पहली से पांचवी तक के सभी स्कूल

कक्षा आठवीं, दसवीं और बारहवीं के छात्रावास शत प्रतिशत क्षमता के साथ होंगे संचालित

कटनी। प्रदेश के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में कक्षा पहली से पाँचवी तक की प्राथमिक स्तर की कक्षाएँ 50 प्रतिशत क्षमता के साथ 20 सितंबर से संचालित हो सकेगी। उप सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग श्री प्रमोद सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश और प्रदेश में कोविड-19 संक्रमण की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है। श्री सिंह ने बताया कि कक्षा आठवीं, दसवीं और बारहवीं के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और आवासीय विद्यालय संचालित किए जायेंगे। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए भी स्कूल और छात्रावास खोले जायेंगे, लेकिन छात्रावास में उनकी कुल क्षमता के 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी उपस्थित नहीं होंगे। विद्यालय और छात्रावास में अभिभावकों की सहमति से ही विद्यार्थी उपस्थित हो सकेंगे। श्री सिंह ने बताया कि जिलों में स्कूलों, छात्रावास और आवासीय विद्यालयों को खोले जाने के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन समिति की सहमति ली जाएगी। विद्यालयों और छात्रावासों में भारत सरकार और राज्य स्तर से समय-समय पर जारी एस.ओ.पी. और कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। विद्यार्थियों की ऑनलाइन कक्षाएं और डिजिटल माध्यम से पढ़ाई पूर्व की तरह ही संचालित की जायेगी।

मथुरा से कैमोर-अमेहटा पहुंची भारी टरबाइन मशीन

एक दिन में 10 किलोमीटर का सफर, डेढ़ माह पूर्व मथुरा से रवाना हुई थी मशीन

बरही। आसमान से बाते कर रहे इन भारी-भरकम मशीन को देखहर कोई चौक उठता है कि आखिर यह क्या है और कहां जा रहा है। यह सीमेंट प्लांट में पत्थरों को पीसने वाली टरबाइन मशीन है, जो डेढ़ माह पूर्व मथुरा से लोड होकर रवाना हुई थी, लेकिन अभी तक यह अपने गंतव्य के लिए नहीं पहुंच पाई है। बुधवार को जिले के बरही नगर में इस टरबाईन मशीन का प्रवेश हुआ, जो कैमोर के अमेहटा में स्थापित होने जा रहे नए सीमेंट प्लांट पहुंचेगी। डेढ़ माह पूर्व 20 जुलाई को यह भारी मशीन तैयार होकर मथुरा से रवाना हुई थी। दो वाहनों में लोड इस मशीन को पहचाने के लिए एक दिन में 10 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। फोरलेन सड़क में एक दिन में 100 किलोमीटर भी तय हो जाता है। कटनी जिले के अमेहटा पहुंचने में अभी 1 सप्ताह का और वक्त लगेगा। मशीन पहुचाने में जुटे राजा ने बताया कि वे 12 लोग हैए जिनके भोजन की व्यवस्था वाहन में ही है। टरबाईन स्ट्रेक्चर में ही वे अपना घरौदा भी बनाए हुए है।

सलैया ग्राम की सड़क दलदल में तब्दील

विजयराघवगढ़। ग्राम पंचायत भैंसवाही के ग्राम सलैया मेरहाई में बारिश शुरू होने के साथ ही लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं लोगों का घर से गांव में निकलना मुश्किल हो गया है। बाइक और पैदल आवागमन भी बाधित हो गया है। सड़क पर कीचड़ होने की वजह से लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। गांव में लाइट की व्यवस्था भी बदत्तर है। ग्रामीणों के अनुसार पंखे, कूलर बिल्कुल नहीं चल पाते है। वोल्टेज डिम रहता है, जबकि विद्युत बिल पूर्व से अधिक आ रहा है। विभागीय वरिष्ट अधिकारियों से जनापेक्षा है कि विद्युत व्यवस्था ठीक कराई जाए।

विजयनाथधाम बरही मंदिर से कब हटाओगे अतिक्रमण

ब्राह्मण समाज ने तहसीलदार को दिया स्मरण-पत्र, आंदोलन के लिए मांगी परमीशन

बरही। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल विजयनाथधाम बरही मंदिर प्रांगण में हुए अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर तहसील ब्राह्मण समाज अड़ा हुआ है। बुधवार को तहसीलदार को एक बार फिर स्मरण पत्र सौपते हुए अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज बरही के अध्यक्ष के आर दुबेए अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के तहसील अध्यक्ष प्रभाकर तिवारीए युवा अध्यक्ष प्रवीण त्रिवेदीए हेमराज उपाध्यायए अन्नू तिवारीए सुजीत परौहा आदि मौजूद रहे। विजयनाथधाम शिव मंदिर प्रांगण में समिति के रोक के वावजूद धर्मशाला एवं मंदिर निर्माण के नाम पर कब्जे की होड़ मची हुई है, जिसे रोकने ब्राह्मण समाज आगे आकर सारे अतिक्रमण को हटाने मांग कर रहा हैए यदि अतिक्रमण नहीं हटाते तो ब्राह्मण समाज भी मंदिर निर्माण की परमिशन मांग रहा है। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल की मांग पर तहसीलदार ने बताया कि पूरे भूभाग में स्थगन हैए वही मंदिर ट्रस्ट गठन को लेकर कार्यवाई पूरी हो चुकी है। नोटिफिकेशन जारी होना हैए जब तक वहां किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं होगाए निर्णय के बाद अतिक्रमण हटाया जाएगा। गौरतलब है कि ज्ञापन सौपने गए ब्राह्मण समाज ने 7 दिन का अल्टीमेटम प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए दिया था, जिसकी मियाद पूरी हो चुकी है, अब वे आंदोलन के लिए परमीशन मांग रहे है।

विहिप व बजरंग दल ने गौमाता को लगाए रेडियम

कटनी। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल बिलहरी प्रखंड द्वारा कल से सभी गौ माता को रेडियम लगाया जा रहा है। गौमाता को रेडियम लगाने से किसी वाहन की लाइट लगते ही वाहन चालक को संकेत हो जाएगा और वो सुरक्षित अपना वाहन निकाल सकते हैं, जिससे न तो वाहन चालक को कोई नुकसान होगा और न ही गौ माता को। यह अभियान बिलहरी और आसपास के क्षेत्रों में प्रत्येक दिन रात्रि 8 बजे से 1 घंटे चलाया जाएगा। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल सभी से अभियान का हिस्सा बनने और सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। इस अभियान में जिला गौ रक्षा प्रमुख सौरभ चौरसिया, गौरव नायक, हर्ष ताम्रकार, मोहित बर्मन, जतिन चौरसिया, हीरो बर्मन, राज चौरसिया, सेवक साहू का योगदान रहा।

निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने बताया हिन्दी का महत्व

अंजलीं प्रथम, प्रिया द्वितीय व अजय तीसरे स्थान पर रहे

रीठी। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा 14 सितंबर से 28 सितम्बर तक चलाए जा रहे हिंदी दिवस के तहत रीठी ब्लाक में जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहार व लेखा कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में हिंदी दिवस पर शासकीय हाई स्कूल बकलेहटा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि रामकिशोर चड़ार व सतीश कुमार विश्वकर्मा रहे। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता कराई गई, जिसका विषय भारत में मातृभाषा का महत्व रखा गया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रीठी सोनाली ताम्रकार ने बताया कि हिंदी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सोनाली ताम्रकार व अंकित सोनी द्वारा कराया गया। निबंध प्रतियोगिता में 20 अन्य युवा स्वयं सेवको ने भी सहभागिता की, जिसमे प्रथम स्थान अंजलीं रजक, द्वितीय स्थान प्रिया कुशवाहा, तृतीय स्थान अजय कुशवाहा ने प्राप्त किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र ट्रॉफी व सम्मान दिया गया। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में पेन, डायरी प्रदान की गई।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर विजयराघवगढ़ में होंगे कई कार्यक्रम

विजयराघवगढ़। विजयराघवगढ़ मण्डल कार्यालय में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी दीपक टण्डन के मुख्यातिथ्य, रेलव बोर्ड सलाहकार समिति के सदस्य रणवीर कर्ण और पूर्व मण्डल अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद शुक्ला के विशिष्ट आतिथ्य में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिन पर मण्डल में होने वाले विभिन्न सेवा और समर्पण कार्यों को लेकर अतिथियों ने मार्गदर्शन दिया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा ने की। संचालन मण्डल मंत्री अनिल पटैल ने किया एवं आभार प्रदर्शन मण्डल महामंत्री आशुतोष सराफ ने किया। बैठक में महामंत्री मनोज कुमार, श्रीराम सोनी, सन्ता विश्वकर्मा, सुभाष दुबे, अनिल चौबे, राजेन्द्र लोधी, अजय मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, अरशद असरफी, हरि साहू, सत्यम मिश्रा, जानू ताम्रकार, नसीम खान, मोहम्मद यासीन, पार्षद हरिओम बर्मन, अशोक वंशकार, पार्षद पप्पू भाईजान, दीपचन्द रजक, निक्की गुप्ता, कुंज बिहारी तिवारी, कान्हा सोनी, दीपक तोमर, ब्रजेश ताम्रकार, दीपक कछवाह, गब्बू गुप्ता एवं नगर केंद्र एवं ग्राम केन्द्रों के संयोजक बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति रही।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

अपने साथ बच्चे को सुरक्षित रखना चाहती थी सरिता

टीम को दी सूचना, गर्भवती महिला के घर जाकर लगाई वैक्सीन

कटनी। पिपरिया निवासी सरिता उपाध्याय के घर खुशियां आने वाली हैं। सरिता गर्भवती हैं लेकिन कोरोना महामारी से खुद को बच्चे को भी सुरक्षित रखने को लेकर जागरूक भी हैं लेकिन केन्द्र तक जाने में उन्हें परेशानी हो रही थी। सरिता को जब इस बात की जानकारी लगी कि वैक्सीनेशन कार्य में लगी टीम ऐसी स्थिति में उनके घर पर भी आकर टीका लगा सकती है तो उन्होंने गांव के सचिव से वैक्सीनेशन को लेकर संपर्क किया। गर्भवती महिला द्वारा जब वैक्सीन लगवाने की जानकारी टीम को लगी तो ग्राम पंचायत कैमोरी की प्राथमिक शाला अंडिया में मौजूद टीम के सदस्य तत्काल उनके घर पहुंचे और सरिता को वैक्सीन की डोज लगाई गई। घर पहुंचकर वैक्सीन लगाने वाली टीम की स्टॉफ नर्स सविता हल्दकार, लेखराज, सचिव सुरेश कुमार बेन, सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पान बाई, मुलायम बाई का सरिता ने आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मप्र सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान कोरोना से बचाव को लेकर लगातार वैक्सीनेशन कार्य को गति देने में जुटे हैं और इसके लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। कोरोना से मैं, मेरा परिवार सुरक्षित रहे, इसके लिए घर पहुंचकर भी टीम वैक्सीन लगा रही है तो हमें भी जागरूकता दिखाते हुए वैक्सीन अवश्य लेनी चाहिए।

वैक्सीनेशन के लिए कर्मचारियों को ऐच्छिक अवकाश दें निजी संस्थान, प्रशासन की अपील

कटनी। वैक्सीनेशन से कोई भी वंचित न रहे, इसको लेकर जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। नागरिकों के शत प्रतिशत वेक्सीनेशन को लेकर सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी 17 सितम्बर से वेक्सीनेशन महा-अभियान 3.0 प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने फैक्ट्री, दुकानों, मिल, उद्योग आदि में काम कर रहे कर्मचारियों को वैक्सीनेशन कराने के लिए निजी संस्थानों के संचालकों से अपील की है। जारी अपील में कहा गया है कि संस्थानों में बड़ी संख्या में कर्मचारी काम करते हैं और एक दूसरे से कोरोना के संक्रमण का खतरा बना रहता है। जिसके चलते सुरक्षा कवच अपनाने की सभी कर्मचारियों को जरूरत है। वैक्सीन के दोनों डोज लेने से जहां कर्मचारी और उनके परिवार सुरक्षित होंगे तो संस्थान के संचालकों की भी सुरक्षा होगी। निजी संस्थानों से अपील की गई है कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान में कर्मचारी टीकाकरण कराकर सुरक्षित हो सकें, इसको लेकर उन्हें ऐच्छिक अवकाश प्रदान करें। साथ ही प्रथम डोज लगवा चुके कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से दूसरा डोज भी लगवाएं ताकि संभावित तीसरी लहर में उनका जीवन सुरक्षित हो सके।

अभिभावक शिक्षक बैठक में पालकों से करें टीकाकरण संवाद

कटनी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस सत्र की अकादमिक शिक्षा योजना को परिचित कराने के उद्देश्य से 15, 16 एवं 17 सितम्बर 2021 को सम्पूर्ण प्रदेश सहित कटनी जिले में भी कक्षा 1 से 12 तक के समस्त विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही कोविड-19 महामारी का वैक्सीनेशन ही महत्वपूर्ण बचाव है, इस उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार टीका संवाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में जिले के समस्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक व हाई स्कूल के संकुल प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देशों के तहत कहा गया है कि समस्त अभिभावक शिक्षक के बैठक में आने वाले समस्त पालकों से कोविड-19 टीकाकरण के विषय में संवाद कर वेक्सीन की दोनों खुराक लगवाने के लिये प्रेरित करें। साथ ही उनके परिवार एवं आसपास के जिन व्यक्तियों का टीकाकरण नहीं हुआ हो, उन्हें टीकाकरण कराये जाने के लिये जागरुक कर आवश्यक सहयोग प्रदान कर उन्हें समझाईश देना सुनिश्चित करें।

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890
कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्केन मशीन द्वारा
सी.टी.स्केन जाँच सुविधा
पोर्टेबल डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
आयुष्मान भारत निःशुल्क, ई.एस.आई, राज्य शासकीय कर्मचारी, एच.पी.पुलिस एवं अन्य निजी मेडीक्लेम कंपनी के लाभार्थियों को कैशलेस इलाज की सुविधा
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc.
डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	शैक्षणिक अर्हता
1	बी.एस.सी. (नर्सिंग)	4 वर्ष	12 वीं (बायोलॉजी)
2	जी.एन.एम. (नर्सिंग)	3 वर्ष	12 वीं
3	पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग)	2 वर्ष	GNM उत्तीर्ण

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

छोटे गांवों को रोजगार देने वाली भोपाल-बिलासपुर के स्टापेज हुए कम

दो राज्य के ग्रामीणों की ट्रेन से चलती थी आजीविका, कल से पुनः शुरू हो रहा परिचालन

कटनी। भोपाल-बिलासपुर ट्रेन बीना से लेकर छत्तीसगढ़ के बीच के छोटे से छोटे स्टेशन के ग्रामीणों के लिए आजीविका का महत्वपूर्ण साधन थी। जिसमें बुंदेलखंड, महाकौशल और छत्तीसगढ़ के गरीब, मजदूरों व आदिवासियों के लिए रोजगार का सहारा था। बुंदेलखंड के बाद महाकौशल के श्रमिक सबसे ज्यादा इस ट्रेन का लाभ उठाते थे।

यह ट्रेन कोरोना काल से बंद है तथा अब कल 17 सितंबर से यह ट्रेन पुनः चालू हो रही है लेकिन इसके स्टापेज कम कर दिए गए हैं। जिससे छोटे गांवों के लोग जो बेकारी झेल रहे हैं, उन्हें इस ट्रेन का लाभ नहीं मिल पाएगा। भारत के नक्शे में अब भले ही मप्र व छत्तीसगढ़

दो अलग राज्य हों लेकिन जब भोपाल से बिलासपुर तक ट्रेन चलाई गई थी। जिसमें रेलखंड का छोटे से छोटा स्टेशन का भी स्टापेज किया था। जिससे इन छोटे स्टेशनों के ग्रामीणों को आजीविका चलाने के लिए प्रमुख साधन के रूप यह ट्रेन प्रतिदिन ट्रेक पर दौड़ा करती थीं। इस ट्रेन में लकड़ियों के गठ्ठे, दूध के केन लटके नजर आते थे। अंदर बोरियों में सब्जियों, सीजनेवल जंगली फल व गर्मी के सीजन में तेंदूपत्ता के साथ चैत काटकर लौटते लोगों के साथ अनाज की बोरियां नजर आती थीं। कोरोना से इस ट्रेन के बंद होने के साथ ही इन छोटे-छोटे गांवों के लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। अब ट्रेन पुनः प्रारंभ हो रही है तो ऐसे छोटे स्टेशनों को अब भी छोड़ दिया गया है। जहां के ग्रामीण इस ट्रेन के सहारे ही जीवन वसर करते थे। जिसमें बुंदेलखंड व महाकौशल से विभिन्न वस्तुएं छत्तीसगढ़ जाती थीं और छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में श्रमिक महाकौशल व बुंदेलखंड आते थे। जिनका आवागमन का साधन महज यह एक ट्रेन थी।

67 में से 36 स्टेशनों पर ही रुकेगी

भोपाल से बिलासपुर के बीच चलने वाली भोपाल-बिलासपुर ट्रेन पहले 67 स्टेशनों पर रुकती थी। अब यह स्टेशन केवल 36 स्टेशनों पर रुकेगी। जिसमें से 31 स्टेशनों को छोड़ दिया गया है। बीना-कटनी वाया दमोह, सागर रेल सेक्शन के बीच के 8 स्टेशनों के स्टापेज को खत्म किया गया है। भोपाल से बीना के बीच के एक स्टेशन के स्टापेज को खत्म किया गया है। स्टापेज खत्म होने वाले स्टेशन दीवानगंज, बघोरा, सुमरेरी, ईश्वरवार, लिधोरा खुर्द, करईया भदोली, सलैया व हरदुआ स्टेशन शामिल है। कटनी से बिलासपुर के बीच के कुल 22 स्टेशन है। जिन पर स्टापेज खत्म किया गया है। यह वही छोटे स्टेशन हैं। जहां से जंगली वनोपज, दूध, सब्जी व अन्य सामग्री के साथ श्रमिकों का अप-डाउन मप्र व छत्तीगढ़ के बीच होता था।

सबसे पुरानी ट्रेनों में शुमार

कटनी-दमोह-बीना रेल खंड पर यह ट्रेन आजादी के समय से पहले भी चलती थी। यह भारतीय रेल की सबसे पुरानी ट्रेन में शामिल है। इसे आम आदमी की ट्रेन भी कहा जाता है। यह ट्रेन आदिवासियों को महाकौशल, बुंदेलखंड व छत्तीसगढ़ क्षेत्र की गरीब आम आदमी के लिए राजधानी भोपाल से सीधे जोड़ने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा शुरू किया गया था। इस ट्रेन में मजदूर, किसान, दूध बेचने वाले, सब्जी बेचने वाले छोटे-छोटे स्टेशनों के बीच में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या ज्यादा होती थी। आम आदमी इधर से उधर आपने सुख दुख में छोटे-छोटे स्टेशनों के बीच की यात्रा करता था।

भादों में लगी सावन जैसी झड़ी...

बंगाल की खाड़ी से आए मेघ झूमकर बरसे, झमाझम बारिश से शहर तर, भारी बारिश की चेतावनी

कटनी। बंगाल की खाड़ी से आए काले बादल बुधवार को झूमकर बरसे। सुबह से उमड़-घुमड़ रहे बादलों ने पूरे दिन रुक-रुक कर बारिश की। भादों में सावन जैसा माहौल हो गया। सुबह और दोपहर में झमाझम बारिश ने शहर को तर कर दिया। बीच-बीच में रिमझिम बारिश का सिलसिला भी चला। इसके बाद रात में ही रूक-रूक बारिश का दौर चलता रहा। लंबे अरसे बाद मेहरबान हुए बादलों ने मौसम का मिजाज बदल दिया। मौसम में हल्की नमी के साथ हल्की ठंडक घुल गई। पारा लुढक कर सामान्य से नीचे चला गया। नमी भरी हवा के झौंके से मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय परिसंचरण के कारण निर्मित कम दबाव के क्षेत्र के कारण शहर में बारिश हो रही है। आज गुरुवार को वर्षा या गरज-चमक के साथ बौछार की संभावना है। जिले में कहीं-कहीं भारी से अति बारिश को लेकर चेतावनी दी है।

तापमान में आई गिरावट

बारिश के बाद आई नमी से तापमान में गिरावट आई। मंगलवार के मुकाबले अधिकतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। सामान्य से तीन डिग्री सी नीचे बना रहा। न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज हुआ। ये सामान्य के बराबर बना रहा। आर्द्रता सुबह के समय 98 और 93 प्रतिशत थीं। दक्षिण-पश्चिमी हवा 4 किमी प्रतिघंटा की गति से चली।

अब तक 624.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

कटनी। जिले में 1 जून से 15 सितम्बर तक 624.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 779.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 15 सितम्बर तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 532.4 मिलीमीटर, रीठी में 576.7 मिमी, बड़वारा में 805.0 मिमी, बरही में 738.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 770.9 मिमी, बहोरीबंद में 536.2 मिमी, स्लीमनाबाद में 423.0 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 639.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले मे कुल 17.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिसमें कटनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत 19.4 मिमी, रीठी तहसील क्षेत्र अंतर्गत 10.0 मिमी, बड़वारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत 15.0 मिमी, बरही तहसील क्षेत्र में 21.0 मिमी, विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र में 19.5 मिमी, बहोरीबंद तहसील क्षेत्र में 17.6 मिमी, स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में 9.0 मिमी और ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में 26.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। वहीं बड़वारा, बरही, विजयराघवगढ़, स्लीमनाबाद और ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में निरंक वर्षा दर्ज की गई है।

चौपन तक चलेगी कटनी बरगवां मेमू स्पेशल ट्रेन

कटनी सिंगरौली रेलखंड के दोहरीकरण का कार्य पूर्ण होने के बाद शुरू होगा ट्रेन का परिचालन

कटनी। सिंगरौली-कटनी रेलखंड पर कटनी से बरगवां रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली मेमू स्पेशल ट्रेन आने वाले दिनों में चोपन रेलवे स्टेशन तक चलेगी। रेलवे बोर्ड ने चलाई जाने वाली मेमू ट्रेन से संबंधित यह जानकारी दी है। रेलवे बोर्ड के इस निर्णय पर इस रेलखंड पर यात्रा करने वाले यात्रियों ने मेमू ट्रेन को सिंगरौली तक चलाने जाने का आदेश जारी होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि यह मेमू ट्रेन कटनी-बरगवां-कटनी तक 15 सितंबर से चलने लगी है। रेलसूत्रों ने बताया कि कटनी-सिंगरौली-चोपन रेलखंड के विधायक व सांसद भी चेयरमैन रेलवे बोर्ड सुनीत शर्मा व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से चोपन कटनी पैसेंजर की जगह मेमू ट्रेन संचालित किए जाने की लगातार मांग कर रहे हैं। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों ने शैलेन्द्र सिंह महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे को भी लगातार पत्राचार कर रहे हैं। इसके मद्देनजर रेलवे ने मेमू ट्रेन चलाने का आदेश जारी किया है। बताया कि अभी सिंगरौली से चोपन रेल लाइन पर दोहरीकरण व इंटरलॉकिंग सहित अन्य निर्माण कार्य चल रहा है। इसलिए मेमू ट्रेन को केवल सिंगरौली तक की सीमित रखा है। जैसे ही रेलवे लाइन के दोहरीकरण सहित अन्य कार्य पूरे जाएंगे। यह मेमू स्पेशल ट्रेन कटनी से सिंगरौली होते हुए चोपन तक चलेगी। गौरतलब है कि मेन लाइन इलेक्ट्रिकल यूनिट (मेमू) ट्रेन के एक कोच में अधिकतम 85 यात्री बैठ सकेंगे और दोंनो तरफ इंजन होने से यह ट्रेन चंद सेकंड में 80 से 90 किमी की स्पीड पकड़ लेती है।

योजनाओं की सार्थकता पर सवालिया निशान

मनरेगा में मजदूरी के दावों की पोल खोलती मुड़वारा स्टेशन पर पलायन की तस्वीर

कटनी। पलायन की ये तस्वीर तालिबान के किसी कस्बे की नहीं है जो अपना घर बार छोड़कर भाग जाना चाहते हैं बल्कि कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन की है। कटनी जिले के बहोरीबंद, विजयराघवगढ़, बरही, ढीमरखेड़ा अंचल के अलग-अलग गांव से लेकर पड़ोसी जिले उमरिया के चंदिया और दूसरे गांव सहित शहडोल जिले के ब्यौहारी विकासखंड के गांव से पहुंचे ये लोग बीना में फसल कटाई के लिए जा रहे हैं। काम की तलाश में जा रहे मजदूरों ने बताया कि वे दो माह का राशन लेकर पूरे परिवार के साथ निकले हैं। रात स्टेशन में ही गुजारी है। सुबह 11 बजे की ट्रेन से बीना के लिए रवाना होंगे। मजदूरों का ये पलायन मनरेगा योजना की सार्थकता पर सीधे प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। हालांकि जिला पंचायत का दावा है कि मांगने पर मजदूरों को काम दिया जा रहा है। बारिश के मौसम में तो पौधरोपण में ही मजदूरों को काम दिया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने किया कैमोर थाने का निरीक्षण

पर्वों पर विशेष चौकसी बरतने टीआई को दिए निर्देश, रिकार्ड के बेहतर संधान के लिए की सराहना

कैमोर। पुलिस अधीक्षक सुनील जैन के निर्देश पर नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया ने कल बुधवार 15 सितंबर को कैमोर थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री केडिया ने थाने में पदस्थ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया साथ ही स्टाफ के सदस्यों से उनकी समस्याएं भी सुनी। कुछ समस्याओं का उन्होंने मौके पर ही निराकरण किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री केडिया ने थाने में रिकार्ड का बेहतर रख रखाव पाये जाने तथा समन्स और वारंट तामीली में उत्कृष्ट कार्य के लिए कैमोर थाने के स्टाफ की सराहना करते हुए पुरुस्कृत करने की घोषणा की। उन्होंने आगामी पर्वों के दौरान विशेष चौकसी बरतने के निर्देश थाना प्रभारी अरविंद जैन को दिए। कैमोर थाने के निरीक्षण के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक थाना छेत्र के अमहटा भी पहुंचे जहां एसीसी के नए सीमेंट प्लांट का निर्माण जारी है। निर्माण स्थल पर श्रमिकों के आवास एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के पश्चात उन्होंने बाहरी श्रमिकों का वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराये जाने के निर्देश दिए।

बस की चपेट में आकर हुई थी बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

पुलिस ने डेढ़माह बाद अज्ञात वाहन का पता लगाया, बस जप्त

कटनी/रीठी। कटनी-रीठी मार्ग पर रीठी थाना अंतर्गत देवरी रेलफाटक के समीप लगभग डेढ़ माह पूर्व मोटर सायकल सवार पिता-पुत्र को अपनी चपेट में लेकर मौत के घाट उतारने वाले वाहन का पता लगाते हुए पुलिस ने उसे जप्त कर लिया है। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने के आरोप में इस मार्ग पर चलने वाली नूरी बस सर्विस की बस क्रमांक एम.पी.34पी-8611 को जप्त करते हुए उसके चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि जुलाई माह में ग्राम पटेहरा निवासी पिता-पुत्र राजाराम व धुरेराम जब मोटर सायकल से कटनी आ रहे थे। उसीदौरान देवरी रेल फाटक के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दोनों की मौत हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू की थी। लगभग डेढ़ माह बाद पुलिस को इस मार्ग पर जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व ग्रामीणों से पूछताछ करने के बाद सफलता मिली और उसने इस मार्ग पर चलने वाली नूरी बस सर्विस की एक बस को जप्त करते हुए उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि बस को जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया है तथा चालक के विरूद्ध आगें कार्रवाई की जा रही है।

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS
PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA
GALAXY | CITY PRIDE Cinema | Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant | GRAVITY THE PUB

सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म
रोजाना 2 शो ता. 17 से सायं 4 एवं 7 बजे से
कलाकार- सीमू ल्यू, एक्वाफीना, टोनी लेंग, फला चेन आदि।
SHANG-CHI
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में

शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 10 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से
कलाकार- कंगना रणावत, अरविंद स्वामी, भाग्यश्री, मधु आदि।
थलाइवी
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म
रोजाना 2 शो ता. 17 से दोपहर 12 एवं 2 बजे से
कलाकार- रेयान रेनल्डस, जोडी कमर, लिल रेल, जो केरी आदि।
FREE GUY
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
एएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
जीएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	3 वर्ष	17 वर्ष-35 वर्ष
बीएससी (नर्सिंग)	12वीं पास (बायो.)	4 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
पोस्ट बेसिक बीएससी	जीएनएम पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (साइकेट्री)	बीएससी नर्सिंग पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग)		2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर

नोटः- एसटी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
डी.एल.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बी.ए.बी.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बीएससी बीएड	12वीं पास (विज्ञान/गणित)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर

नोटः- एसटी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666
फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)